अवध
जैन डायरेक्ट्री

प्रकाशक :

अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद,

लखनऊ

●

मुद्रक :
स्टार प्रेस,
६६, गौतम बुद्ध मार्ग,
लखनऊ

मूल्य : पैंतीस रुपये
वर्ष : १९८१
प्रथम संस्करण

णमो अरिहंताणं,

णमो सिद्धाणं,

णमो आयरियाणं,

णमो उवज्झायाणं,

णमो लोए सव्वसाहूणं

मुख पृष्ठ परिचय—

भगवान बाहुबली महामस्तकाभिषेक समारोह के उपलक्ष में दिनांक २२ फरवरी १९८१ को श्री आदिनाथ दि० जैन मन्दिर अहियागंज में अ० भा० दि० जैन युवा परिषद लखनऊ द्वारा सजाई गई इन्द्रगिरि पर्वत की झांकी का दृश्य ।

आमुख

काल के दोष से जैन धर्म पालन करने वालों की संख्या शनैः-शनैः कम होती गयी और जितने जैन शेष हैं उनमें से अधिकांश अपने नाम के आगे जैन शब्द स्पष्ट न लिखकर सिर्फ गोत्र या सरनेम लिखना ही आधुनिक सभ्यता मान बैठे हैं।

संगति का बहुत बड़ा असर होता है। आप जिस देश काल व संगति में रह रहे हैं उससे आप अछूते रह ही नहीं सकते और जो जैन परिवार स्वजनों से भिन्न जिस संस्कृति के निकट रहा धीरे-धीरे उसी में घुलमिल कर उसी का हो गया। मुझे मालूम है कि ऐसे परिवार अपने अवध में ही है, सम्पन्न भी हैं जो मूल में कट्टर जैनी थे, धीरे-धीरे वैष्णवों के सम्पर्क में आये, सम्बन्ध भी वैष्णवों में होने लगे और आज मूलतः उन्हीं में घुल मिल गये। उनके बच्चे यह भी नहीं जानते कि हमारे पूर्वज कभी जैन भी थे या और भी ऐसे ही परिवार अन्य धर्मों में विलीन हो रहे हैं।

अवध जैन डायरेक्टरी— एक परिचय-माध्यम है जो अपनो की जानकारी में सहायक का कार्य करेगी। आज हमें सर्वप्रथम अपने को, अपने परिवार को इस विशाल समाज के साथ जोड़ना होगा। आज बची हुई संख्या में ही एक दूसरे के निकट बंधुत्व की भावना के साथ कार्य करना होगा इससे सामाजिक संगठन तो मजबूत होगा ही, समाज-एकता के सूत्र में भी दृढ़ होगा।

इस डायरेक्टरी में "गोत्र" शब्द भी बड़ा महत्वपूर्ण है। अभी चार-पाँच वर्ष पूर्व एक सज्जन शहर से कस्बे में अपनी लड़की की शादी के लिये गये। गोत्र की जानकारी हुई और जब विशेष जानकारी में उतरे तो ज्ञात हुआ कि हम और आप एक ही खानदान के और एक ही परिवार के हैं।

व्यवसाय की अनुकूलता से जो जहाँ चला गया वह वहीं का हो गया। अतः गोत्र से आपको संबन्ध करने में बहुत ही सहायता मिल सकेगी।

इस डायरेक्टरी के संकलन के मध्य अनेक तथ्य सामने आये। अवध के तमाम परिवारों के निकट जाने का अवसर मिला और यह भी स्पष्ट है कि समाज में लड़कों की भी कमी नहीं है। लगभग लड़के और लड़कियाँ बराबर मात्रा में ही है किन्तु हम अपने नैतिक मूल्यों में निरन्तर गिरावट लाकर ही एक कृत्रिम अभाव पैदा कर रहे हैं और फिर इसके समाधान के लिये जोर-जोर से दुहाई देते हैं। हमी दोनों पक्षों का अभिनय करते हैं और यही कारण है कि आप देखेंगे कि इस सम्पन्न शिक्षित समाज में काफी उम्र की लड़कियाँ और लड़के कुंवारे हैं।

अयोध्या जी रथयात्रा के समय श्री निर्मल कुमार जी सेठी अध्यक्ष महासभा से डायरेक्टरी के सम्बन्ध में विशेष चर्चा हुई। उन्होंने यथा शीघ्र इस कार्य को प्रारम्भ करने की सलाह दी।

सर्वप्रथम पहली मीटिंग अखिल भा० दि० जैन युवा परिषद लखनऊ की हुई जिसमें अनन्त प्रकाश जी, कन्हैया लालजी, निर्वाण चन्दजी सहित युवा परिषद् लखनऊ शाखा के उत्साही पदाधिकारी एवं सदस्यगण सम्मिलित हुए।

हमने अवध जैन डायरेक्टरी के प्रकाशन की योजना सामने रक्खी। सभी ने इसे सामाजिक विषय एवं अत्याधिक जरूरी मानकर शीघ्र ही कार्यान्वित करने का संकल्प किया।

महावीर जयंती के शुभ अवसर पर झंडे वाले पार्क में एकत्र जनसभा में मैंने डायरेक्टरी के संकलन हेतु फार्म भरने की अपील की। युवा परिषद् लखनऊ शाखा के उत्साही कार्यकर्ताओं ने काफी फार्म भरवाये।

पुनः लगातार मीटिंग होती रही। अवध भ्रमण का निश्चय हुआ। यात्रा काफी लम्बी थी, परन्तु उत्साही बन्धु लखनऊ शाखा के अध्यक्ष कैलाश चन्द जैन कागजी, मंत्री श्रवण कुमार जैन, डायरेक्टरी, संयोजक राकेश चन्द जैन, महावीर प्रसाद जी एवं डा० सुशील जैन मैनपुरी के सहयोग से दुष्कर कार्य भी सरल प्रतीत होने लगा। जगह-जगह समाज ने शिष्ट मंडल का स्वागत किया। एवं तमाम समस्याएँ भी सामने रक्खी। सभी के विचार जानकर अति प्रसन्नता हुई।

श्री निर्मल कुमार जी सेठी ने मुख्य पृष्ठों के विज्ञापन देकर एक सहयोग की भावना प्रदर्शित की। मैं उनके साथ ही समस्त विज्ञापन-दाताओं का आभारी हूँ।

कैलाश चन्द्र जैन कागजी, श्रवण कुमार जैन मंत्री, महावीर प्रसाद जैन संयोजक, एवं राकेश चन्द संयोजक डायरेक्टरी, जिनका अब तक एक दिन भी ऐसा नहीं गया कि डायरेक्टरी का कार्य न किया हो, इन सभी की कार्य कुशलता का ही यह परिपाक आपके सामने है। अतः मैं सदैव इन सबकी उन्नति की कामना भगवान बाहुबली स्वामी से करता हूँ।

सम्भव है डायरेक्टरी में आयु, गोत्र, शिक्षा, व्यापार या संबध कहीं कोई प्रेस की त्रुटि से कमोबेश हो तो आप अपनी प्रति में अवश्य सुधार कर ले। आलोचना करने के बजाय अ० भा० दि० जैन युवा परिषद् लखनऊ को एक पत्र भेजकर बची हुई प्रतियों में सुधारने का सुझाव भी दें। आप सभी के लिए यह परिचय-माध्यम मंगलमय हो।

कैलाश चन्द जैन "सर्राफ"
टिकैत नगर, जिला बाराबंकी

आचार्य शिरोमणि श्री धर्म सागर जी महाराज

का

आशीर्वाद

आप लोग अवध जैन डायरेक्ट्री निकाल रहे हैं। इस डायरेक्ट्री के माध्यम से युवा वर्ग में धर्म के प्रति आस्था प्रगट होगी जिसके द्वारा समाज में, राष्ट्र में, नैतिक जागरण का शंखनाद उद्घोषित कर भगवान आदिनाथ के द्वारा प्रतिपादित मार्ग को युवा वर्ग ही धारण कर सकेगें।

अत: मेरा आशीर्वाद है कि युवा वर्ग देव शास्त्र गुरु की सेवा भक्ति आदि करते हुए अपने चरित्र को ऊर्चा उठाकर आत्म विकास करें। आज नवयुवकों में नैतिकता व सदाचार का जो अभाव दृष्टिगत हो रहा है। स्वच्छन्दता व अनर्गकता के साथ युवा वर्ग पतन की ओर आ रहा है।

अत: सभी युवा वर्ग धार्मिकता को ग्रहण कर आर्ष परम्परा की रक्षा करते हुए धार्मिक आस्थावान बने।

प्रेषक : धर्मचन्द्र शास्त्री (संघस्थ)
उपाध्यक्ष अ० भा० दि० जैन
युवा परिषद

आशीर्वाद और शुभकामनाएं

सन्मार्ग दिवाकर श्री १०८ आचार्य विमल सागर जी महाराज

सन्देश

आप लोग जो डायरेक्टरी निकालने का प्रयास कर रहे हैं, उसमें परम पूज्य आचार्य बिमल सागर जी का पूर्ण आशीर्वाद है। और साथ-साथ यह भी कहा है कि आप सर्व सदस्यगण सुई बने कैंची न बने।

सुई—पांडव थे, धर्म के प्राण थे, तद्भव मोक्षगामी थे और सबका भला चाहते थे। महा परोपकारी थे। उसी प्रकार आत्मधर्म के रसिक थे वात्सल्य की मूर्ति थे।

कैंची—कौरव थे, नीच वृत्ति के थे, संसार भ्रमण के कारण स्वरूप थे।

अतः आप की सद्भावनाएं पांडव समान उच्चविचार की हों और जैन शासन का उत्थान करने में वृद्धिरूप हों और आप लोगों की भी परोपकारी भावना जागरूक बने, ऐसी हम सर्वकामना करते हैं।

★ चिन्नाबाई विद्ये, जैन मठ
श्रवणबेलगोला (कर्नाटक)

परम पूज्य आर्यिका
ज्ञानमती माता
जी का
शुभाशीर्वाद ।

आप लखनऊ व फैजाबाद कमीशनरी के १२ जिलों की डायरेक्टरी प्रकाशन का कार्य कर रहे हैं। यह बहुत परिश्रम साध्य एवं समाज सेवा का महत्वपूर्ण कार्य हैं। इससे समाज को बहुत लाभ होगा। आप इस कार्य में सफल हों और यह कार्य निश्चित एव समय सुन्दरता के साथ सम्पन्न हो यह मेरा शुभाशीर्वाद हैं। धार्मिक संस्थाओं और मन्दिरों का परिपूर्ण वर्णन बहुत आवश्यक है।

आशा है समाज के सहयोग से आपका यह कार्य अवश्य पूर्ण होगा।

दिगम्बर जैन महासमिति, बम्बई

श्रेयांस प्रसाद जैन, (अध्यक्ष)

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद, लखनऊ "*अवध जैन डायरेक्टरी*" का प्रकाशन कर रहा है। आपकी योजना प्रशंसनीय है।

इस प्रकार की डायरेक्टरी का प्रकाशन होने से समाज को विभिन्न जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। मुझे आशा है, आपकी डाइरेक्टरी सभी दृष्टियों से महत्वपूर्ण होगी और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित लोगों के लिए यह सन्दर्भ के रूप में काम में आयेगी।

आपके सफल प्रकाशन के लिए मैं अपनी शुभकामनाएं भेजता हूं।

निर्मल कुमार जैन

श्री वेंकटेश्वर फ्लोर मिल,
ऐशबाग, लखनऊ

सन्देश

यह जानकर मुझे अत्यन्त हर्ष हुआ कि अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन-युवा-परिषद की लखनऊ शाखा द्वारा अवध जैन डाइरेक्टरी तैयार की जा रही है। यह काम अत्यन्त महत्वपूर्ण, उपादेय और समीचीन है। मैं आपके प्रयास की सफलता की कामना करता हूँ।

कैलाश चन्द्र जैन, सराफ

(अध्यक्ष, अ० भा० दि० जैन, युवा परिषद)

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि हमारी अ० भा० दि० जैन युवा परिषद लखनऊ के कर्मठ कार्यकर्त्ताओं के अथक परिश्रम से जो कार्य वर्षों में सम्पन्न होना था कुछ ही माह में सम्पन्न हो रहा है।

यह दुष्कर कार्य जिस गतिशीलता से हुआ यह कार्यकर्त्ताओं की लगन का ही द्योतक है। निश्चय ही वे धन्यवाद के पात्र हैं।

डा० सुशील चन्द्र जैन
(महामन्त्री अ० भा० दि० जैन युवा परिषद)

सन्देश

युवा परिषद की लखनऊ शाखा द्वारा प्रकाशित की जाने वाली "अवध डाइरेक्टरी" का कार्य अब अन्तिम चरण में है, यह जानकर प्रसन्नता हुई। डाइरेक्टरी का यह कार्य न केवल स्थानीय शाखा अपितु सम्पूर्ण युवापरिषद के लिये अभूतपूर्व है व युवा परिषद के लिये माइल स्टोन के रूप में अविस्मरणीय रहेगा। युवा परिषद की सारी शाखायें तो इससे लाभ उठायेंगी ही, साथ में वर्तमान समाज विशेषतया अवध वासियों के लिये यह बहुत ही उपयोगी होगी और आनेवाली पीढ़ियाँ भी इससे लाभ उठायेंगी।

यह गुरुतर कार्य शीघ्र ही सफलतापूर्वक सम्पन्न हो रहा है, इसके लिये आप सभी को हार्दिक शुभकामनायें। आप सभी के कठिन मेहनत, लगन, वसक्रियता से ही यह अभूतपूर्व कार्य हुआ है।

लखनऊ शाखा पर मुझे गर्व है और आप इसी भाँति सदैव लगन-शील रहें ऐसी वीर प्रभु से कामना है। हार्दिक बधाई।

डॉ. दरबारी लाल कोठिया
भूतपूर्व रीडर, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

सन्देश

अवध जैन डायरेक्टरी के प्रकाशन का विचार सामयिक और अत्युपयोगी है। बहुत पहले बम्बई प्रान्तिक सभा ने अखिल भारतवर्षीय दि० जैनों की एक डायरेक्टरी प्रकाशित की थी, जिसमें दि० जैनों की गणना के अतिरिक्त उनके तीर्थों, संस्थाओं, मन्दिरों और प्रमुखों का परिचय दिया गया था और जो बहुत उपयोगी सिद्ध हुई थी। अब पुनः उसी प्रकार की दिगम्बर जैन डायरेक्टरी प्रकाशित होने की आवश्यकता है। तबसे अब तक कितना ही परिवर्तन हुआ है और कितना ही नया निर्माण हुआ है, जो निश्चय ही उल्लेखनीय है।

किन्तु समग्र दिगम्बर जैनों की डायरेक्टरी का कार्य बहुत बड़ा विशाल कार्य है। उसके लिए स्वर्गीय सेठ हीराचन्द, पानाचन्द जैसे दान वीरों की आवश्यकता है या उस प्रकार के संयोजन कर्त्ताओं की जरूरत है।

अखिल भारत वर्षीय दि० जैन युवा परिषद की लखनऊ शाखा ने केन्द्रीय अध्यक्ष के सुझाव पर अवध जैन डायरेक्टरी के प्रकाशन का निश्चय किया है। इसमें उत्तर प्रदेश की लखनऊ और फैजाबाद कमिश्नरियों के १२ जिलों के दि० जैनों की गणना रहेगी। इसके सिवाय इसमें दि० जैन शिक्षा-संस्थाओं, पुस्तकालय आदि का परिचय निहित होगा। इस डायरेक्टरी की विशेषता यह होगी कि इसमें शासकीय कार्यालयों में कार्य करने वाले दि० जैन बन्धुओं का भी परिचय रहेगा। इसकी एक अन्य विशेषता यह है कि इसमें विवाह योग्य युवकों व युवतियों की सूचनाएँ भी रहेंगी।

हम समझते हैं कि युवा परिषद का भी यह कार्य स्तुत्य है और उससे आशा करेंगे कि वह अपने 'अखिल भारतीय' नाम के अनुरूप सारे भारत के दिगम्बर जैनों की भी क्षेत्रीय डायरेक्टरी तैयार करने के लिये साहस पूर्ण कदम आगे उठायेगी। युवकों में ऐसे कार्यों के लिए निश्चय ही अपूर्व शक्ति और उत्साह विद्यमान रहता है।

इस महत्त्वपूर्ण कार्य में मेरी उन्हें हार्दिक मंगल-कामनाएँ हैं।

हमारा यह विनम्र प्रयास

अ० भा० दि० जैन युवा परिषद, लखनऊ की स्थापना दिनांक १ जुलाई १९८० को श्री आदिनाथ दि० जैन मन्दिर, अहियागंज में श्री वीर कुमार जैन सुपुत्र श्री इन्दरचन्द जैन की अध्यक्षता में हुई एवं पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से हुआ।

स्थापना से पूर्व ही परिषद के सदस्यों ने आपस में तय करके प्रत्येक माह के आखिरी बुधवार को अखण्ड णमोकार मंत्र का पाठ करने का निश्चय किया। प्रथम पाठ २७ मार्च १९८० को प्रारम्भ हुआ। स्थापना के पश्चात संयोजक अखण्ड णमोकार पाठ समिति श्री नवीन कुमार के संयोजकत्व में लगातार एक वर्ष तक हुआ।

वर्तमान में परिषद के पास १५० डिनर सेटों की व्यवस्था है जिसकी व्यवस्था संयोजक, चल सम्पति कोष समिति श्री महावीर प्रसाद की देख-रेख में सुचारु रूप से चल रही है।

मुनित्यागियों के आगमन पर स्वागत, आहार, विहार एवं प्रवचन आदि की समुचित व्यवस्था न होने के कारण परिषद के सदस्यों ने गम्भीरतापूर्वक विचार कर मुनि त्यागी सत्कार समति का गठन किया। संयोजक श्री अनन्त जैन कागजी के संयोजकत्व में आचार्य चन्द्रसागर जी महाराज संघ के लखनऊ पधारने पर उनके आहार, विहार आदि की समुचित व्यवस्था एवं आचार्यश्री एवं उनके शिष्य क्षुल्लक श्री आदिसागरजी महाराज का केशलोंच जैन बाग डालीगज मे दिनांक २५-१२-८० को बड़े धूम-धाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आचार्य श्री की शोभा यात्रा बाजे-गाजे के साथ श्री आदिनाथ दि० जैन मन्दिर अहियागंज से जैन बाग, डालीगज तक निकाली गई।

भगवान बाहुबली प्रतिष्ठापना सहस्त्राब्दी एवं महामस्तकाभिषेक महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित जनमंगल महाकलश के १५ नवम्बर ८० को लखनऊ आगमन पर परिषद के प्रत्येक सदस्य ने बड़े ही उत्साह के साथ स्वागत समारोह, शोभायात्रा एव सभा में भाग लिया। इस अवसर पर अ० भा० दि० जैन युवा परिषद द्वारा भी एक णमोकार मंत्र की झांकी शोभायात्रा मे निकाली गई एव एक गेट स्वागतार्थ बनवाया गया।

जैन मिलन द्वारा दिनांक २० जनवरी १९८१ को आयोजित नेत्र शिविर में युवा परिषद के सदस्यों का सहयोग रहा एव अध्यक्ष जैन मिलन लखनऊ द्वारा युवा परिषद को प्रशस्ति पत्र मिला।

भगवान गोम्मटेश्वर बाहुबली प्रतिष्ठापना सहस्त्राब्दि एवं महामस्तकाभिषेक समारोह २१ व २२ फरवरी १९८१ को श्री आदिनाथ दि० जैन मन्दिर में जैन युवा परिषद के तत्वावधान एवं श्री महावीर प्रसाद के संयोजकत्व में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य झांकी सजाकर इन्द्र-गिरि पर्वत की रचना की गई एवं मन्दिर जी को विद्युत झालरों से सजाया एवं प्रकाशित किया गया। २२ फरवरी को प्रातः ९ बजे से अहियागंज मन्दिर से एक विशाल जल यात्रा निकाली गई। जलयात्रा में सबसे आगे मंगल कलश लिये हुए पीले वस्त्रों एवं विभिन्न आभूषणों से सजी-धजी नारियां पंक्तिबद्ध

चल रहीं थीं। श्री सिद्धनाथ मन्दिर से जल लेकर जुलूस जैन मन्दिर अहियागंज वापस आया। जहाँ पवित्र जल से भगवान बाहुबली की मूर्ति का १००८ कलशों से अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। सर्व प्रथम पाँच स्वर्ण कलशों से भगवान का अभिषेक क्रमशः दूध, दही, घृत, इक्षुरस एवं सर्वौषधि से किया गया। विभिन्न तैल चित्रों के माध्यम से भरत-बाहुबली के जीवन की प्रमुख घटनाओं को दर्शाया गया। इस समारोह में नगर व बाहर से आये ३-४ हजार श्रद्धालु नर-नारियों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

इसी वर्ष होली मिलन समारोह पर हास्य-कवि सम्मेलन का आयोजन श्री नवीन जैन एवं श्री संजय जैन के संयोजकत्व में किया गया। होली मिलन के उपलक्ष मे पदाधिकारियों एव सदस्यों को उपाधियां भी वितरित की गयी।

परिषद के केन्द्रीयअध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र जैन सर्राफ की अपील पर दिनांक ६-४-८१ को कार्यकारिणी की बैठक में अवध जैन डाइरेक्टरी निकालने का निश्चय किया गया और महावीर जयन्ती के शुभ दिन दि० १७-४-८१ से कार्य आरम्भ किया गया। सामग्री संकलन एवं विज्ञापन इकट्ठा करने के लिए एक शिष्ट मंडल दि० २६-४-८१ को अवध भ्रमण हेतु निकला एवं लगभग ६०० कि०मी० की यात्रा करके २७-४-८१ को वापस आया। इस शिष्ट मडल ने सिधौली, सीतापुर, बिस्वां, महमूदाबाद, फतेहपुर, बहराइच अम्बल रोड, गनेशपुर, टिकैतनगर, दरियाबाद, सुमेरगंज एवं बाराबंकी का भ्रमण कर सभी जगहों पर युवा परिषद की शाखा की स्थापना की। इन सभी जगहों पर शाखा के अध्यक्ष एव मत्री की नियुक्ति केन्द्रीय अध्यक्ष कैलाश चन्द्र जैन सर्राफ की सहमति से की गयी। इस शिष्ट मडल मे केन्द्रीय अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र जैन सर्राफ, केन्द्रीय कार्यवाहक मत्री डा० सुशील जैन, श्री कैलाश चन्द्र जैन, कागजी, अध्यक्ष लखनऊ शाखा, श्री श्रवण कुमार जैन मत्री लखनऊ शाखा, श्री राकेश चंद्र जैन सयोजक डायरेक्टरी एवं कोषाध्यक्ष, लखनऊ शाखा तथा श्री महावीर प्रसाद जैन सयोजक चल सम्पत्ति कोष समिति सम्मिलित थे।

सामग्री संकलन का कार्य पूर्ण करने हेतु, एक शिष्ट मंडल ने पुनः दिनांक ३ व ४ अगस्त को सुमेरगंज, फैजाबाद, अयोध्या, गोंडा, बहराइच, टिकैतनगर, दरियाबाद, गनेशपुर, एव बाराबंकी का भ्रमण किया। इस शिष्ट मंडल मे श्री कैलाश चन्द्र जैन सर्राफ, श्री कैलाश चन्द्र जैन कागजी, श्री श्रवण कुमार जैन, श्री राकेश चन्द्र जैन, श्री नीरज जैन एवं श्री सुधीर जैन सम्मिलित थे।

इस डाइरेक्टरी के प्रकाशन का कार्य सफल बनाने में केन्द्रीय अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र जैन, सर्राफ ने तन मन, धन, से हमें जो पूर्ण सहयोग दिया, उसके लिए हम उनका जितना भी आभार प्रकट करें कम है।

हम सर्वश्री निर्वाण चन्द्र जैन, सआदतगंज, विमल कुमार जैन, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट डालीगंज, श्री राजकुमार जैन, चारबाग, नवीन जैन, सजय जैन, विनीत जैन, एव राजेश जैन के अत्यन्त आभारी है जिन्होंने अपना अमूल्य समय देकर सकलन कार्य को पूर्ण कराया। हम श्री बसन्त कुमार जैन, संयोजक प्रचार एवं प्रसार समिति के भी अत्यन्त आभारी है जिन्होंने संकलन कार्य के साथ-साथ पत्रों को टाइप करके हमें सहयोग दिया।

हम अध्यक्ष श्री कैलाश चन्द्र जैन कागजी, कोषाध्यक्ष श्री राकेश चन्द्र जैन एवं संयोजक श्री महावीर प्रसाद के भी अत्यन्त आभारी है जिनके अथक प्रयास एवं परिश्रम से यह महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो सका।

हम श्री अनन्त प्रकाश जैन, नाका हिंडोला, श्री इन्दर चंद जैन, जिनेन्द्र चन्द्र जैन कागजी ज्ञान चंद जैन, सम्पादक 'अहियागंज, श्री हरख चंद जैन डालीगंज, श्री कन्हैयालाल जैन चौक, एवं श्री अभय कुमार जैन अहियागंज के भी अत्यन्त आभारी है जिन्होने हम लोगों का मार्ग दर्शन किया।

डायरेक्टरी को स्वालम्बी बनाने के उद्देश्य से जिन विज्ञापन दाताओं ने विज्ञापन के रूप में अपनी अर्घांजलि अर्पित कर हमारी ठोस सहायता की हम उनके भी अत्यन्त आभारी हैं।

हमारे प्रयासों के बावजूद भी जिन परिवारों के परिचय नहीं प्राप्त हो सके या अन्य किसी कारणवश परिचय छपने से रह गया हो तथा प्रकाशन में जो अशुद्धियाँ रह गयी हों, हम उनके क्षमाप्रार्थी है।

श्रवण कुमार जैन
महामन्त्री अ० भा० दि० जैन
युवा परिषद, लखनऊ

अ० भा० दि० जैन युवा परिषद के सदस्यों की सूची

अहियागंज

श्री अरविन्द कुमार जैन
श्री अनिल कुमार जैन
श्री अरुन कुमार जैन
श्री अशोक कुमार जैन
श्री अशोक कुमार जैन कागजी
श्री आदेश कुमार जैन
श्री आनन्द कुमार जैन
श्री अविनाश जैन
श्री उदय जैन
श्री दिलीप कुमार जैन
श्री नीरज कुमार जैन
श्री नवीन कुमार जैन
श्री पवन कुमार जैन 'कागजी
श्री पवन कुमार जैन
श्री प्रकाश चन्द जैन कागजी
श्री प्रबोध कुमार जैन कागजी
श्री राजेश चन्द जैन
श्री रवि कुमार जैन
श्री वीर कुमार जैन
श्री वीरेन्द्र कुमार जैन
श्री विनीत कुमार जैन
श्री विपलेश कुमार जैन
श्री श्रवण कुमार जैन, कागजी
श्री संजय जैन
श्री संजीव जैन
श्री सजीव कुमार जैन
श्री सुधीर कुमार जैन
श्री सुधीर जैन

आर्य नगर

श्री अनिल कुमार जैन
श्री दिनेश जैन
श्री नवीन कुमार जैन
श्री प्रदीप कुमार जैन
श्री राजीव जैन
श्री राज कुमार जैन
श्री रोशन लाल जैन
श्री वीरेन्द्र कुमार जैन
श्री विजय कुमार जैन
श्री एस० के० जैन दिगम्बर
श्री सुरेन्द्र कुमार जैन

अमीनाबाद

श्री अभिनन्दन कुमार जैन

चौक

श्री अजय किशोर जैन
श्री अरविन्द जैन
श्री अनिल कुमार जैन
श्री किशन चन्द जैन
श्री धीरज लाल जैन
श्री प्रदीप कुमार जैन
श्री राकेश कुमार जैन
श्री विजय किशोर जैन
श्री वी० के० जैन
श्री सरल कुमार जैन

डालीगंज

श्री अनिल कुमार जैन
श्री असीस कुमार जैन
श्री आनन्द कुमार जैन
श्री तारा चन्द जैन
श्री पद्म कुमार जैन
श्री प्रदीप कुमार जैन
श्री पुष्पेन्द्र कुमार जैन
श्री महावीर प्रसाद जैन पाटनी
श्री मानिक चन्द्र जैन
श्री राकेश जैन
श्री रिषभ कुमार जैन
श्री राज कुमार जैन
श्री सुभाष चंद जैन
श्री सुशील कुमार जैन
श्री सुरेन्द्र कुमार जैन

सआदतगंज

श्री गम्भीर चंद जैन
श्री निर्वाण चंद जैन
श्री प्रभात कुमार जैन
श्री बद्री प्रसाद जैन
श्री विजय कुमार जैन
श्री कृष्ण गंगवाल

●

श्री विनय कुमार जैन
(एच.ए.एल)
सुनील कुमार जैन, (फरुखाबाद)
बिसन दयाल जैन, (जायस)
अरविन्द जैन, (गनेशपुर)
आदिकुमार जैन, (गनेशपुर)
सुशील कुमार जैन, (गनेशपुर)
विद्युत कुमार जैन (गनेशपुर)
हुकुम चन्द जैन, (गनेशपुर)
राकेश कुमार जैन, (गनेशपुर)
अशोक कुमार जैन (गनेशपुर)

★

अ० भा० दि० जैन युवा परिषद्, लखनऊ की कार्यकारिणी

पदाधिकारी

अध्यक्ष—कैलाशचंद जैन कागजी, लाला मुन्नेलाल कागजी कोठी, अहियागंज, फोन ४५१७९। उपाध्यक्ष—अनूप कुमार जैन, अजितप्रसाद अरविन्द कुमार जैन, अहियागंज बर्तन बाजार, फोन ४६५७६। मंत्री—श्रवण कुमार जैन, नेमचंद अभय कुमार जैन, अहियागंज, फोन ४५३१०। उपमंत्री—प्रदीप कुमार जैन कागजी, लखनऊ ट्रेडर्स, नादान-महल रोड, फोन ४९८९५। कोषाध्यक्ष—राकेश चंद जैन, वीर जिनेन्द्र जैन, अहियागंज बाजार, फोन ४५३१० पी०पी०।

सदस्य

संयोजक, प्रचार प्रसार समिति—बसंत कुमार जैन, नेमचंद अभय कुमार जैन, अहियागंज, फोन ४५३१०। संयोजक, मुनित्यागी सत्कार समिति—अनंत कुमार जैन कागजी, लाला मुन्नेलाल कागजी कोठी, नादान महल रोड। संयोजक, अखंड णमोकार पाठ समिति—नवीन कुमार जैन, आनंद, कुमार जैन २४९/६४ क नाला बेगमगंज। संयोजक, आरती-भजन-कीर्तन समिति—अशोक कुमार जैन, अशोक इलेक्ट्रिक ट्रेडर्स. नादानमहल रोड, फोन ४८६७३। संयोजक, चल सम्पत्ति कोष—महावीर प्रसाद जैन, राजकुमार महावीर प्रसाद जैन, अहियागंज, ४७६८४।

आजीवन सदस्य

विनय कुमार जैन, लखनऊ मेटल वर्क्स, ३९५/९७ रुस्तमनगर। फोन ८२५४० व ८२२५३।

सतेन्द्र कुमार जैन, धनकुंज, राजा बाजार। फोन ४५४०२

अ० भा० दि० जैन युवा परिषद

(रजि० नं० S-१२२२० सन् १९८१)

अ० भा० दिग० जैन युवा परिषद, जो कि सक्षेप में युवा परिषद के नाम से विख्यात है, राष्ट्र के दिगम्बर जैन समाज के उन युवकों का प्रतिनिधित्व करती है जो श्रमण संस्कृति व आर्ष मार्ग के प्रति निष्ठ हैं। युवकों का यह सबसे बड़ा सगठन है। देश के विभिन्न प्रांतो में युवा परिषद की लगभग ६५ शाखायें है। इन शाखाओं के माध्यम से व केन्द्रीय सदस्यों के रूप में लगभग २००० सदस्य युवा परिषद के है।

युवापरिषद का जन्म

१ जन० ७७ को महाराष्ट्र के ऐतिहासिक जैन काशी के नाम से विख्यात नगर फल्टण में अ. भा. दिग. जैन शास्त्री परिषद का अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन मे आचार्य श्री देशभूषणजी महाराज, उपाध्याय श्री सिद्धसेन महाराज सहित अनेक मुनिराज, आर्यिका विशुध्दमती माताजी सहित अनेक मातायें, त्यागीगण, डा० लालबहादुर शास्त्री' पं० मोतीलाल कोठारी, प० बाबूलाल जमादार, आदि सैकड़ों विद्वान एव श्रीमंत तथा १० हजार का जनसमुदाय एकत्रित था। ललितपुर के मई ७६ के शास्त्री परिषद के अधिवेशन ने जैन समाज में एक नई चेतना का उदबोधन किया था। उपकल्की का समय था और सारे ऐसे कार्य प्रत्यक्ष थे जिनसे यह स्पष्ट होरहा था कि आगम मे वर्णित उपकल्की के आगम, आर्षमार्ग श्रमण संस्कृति विरोधी कार्य एक सुनियोजित षडयन्त्ररूप मे दिगम्बर समाज मे हो रहे हैं। आगम प्रेमियों का इससे विक्षुब्ध होना स्वाभाविक ही था। युवावर्ग भी इन सारी घटनाओं से अछूता न था। मुनियों के प्रति होने वाली चर्चाओं से व्यथित था। अधिकांश युवावर्ग का धर्म के प्रति रुझान कम होता दिखाई पड़ रहा था। और जिनके मनमें टीस थी, लगन थी ऐसे युवकों का भी कोई एक ऐसा मंच न था जहाँ से युवा वर्ग अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपनी गतिविधियों का का संचालन कर सके। फल्टण में पू० सिद्धसेन महाराज जी के ओजस्वी उदबोधन व एक महत्वपूर्ण संदेश 'Cooperate where we can and oppose where we must' ने युवावर्ग में चेतना जागृति की और वहीं १ जनवरी ७७ को चतुर्विध संघ की उपस्थित में युवकों की बैठक हुई और अ० भा० दिग० जैन युवापरिषद का जन्म हुआ। उस समय युवको का उत्साह इतना अधिक था कि उसे देखकर डा० लालबहादुर शास्त्री ने कहा कि युवकों के इस उत्साह को देखकर मैं भी आज अपने को युवक महसूस कर रहा हूँ।

परिषद का विस्तार

सर्वप्रथम युवापरिषद की महाराष्ट्र प्रांतीय शाखा का गठन किया गया जिसका गुरुतरभार उठाया श्री भरत कुमार काला ने। परिषद की केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष बने श्री जयकुमार काला व महामंत्री प्रो० सुपार्श्व कुमार जैन बड़ौत। धीरे-धीरे परिषद के अनेक केन्द्रीय सदस्य बने व शाखायें खुलना प्रारम्भ हुई। युवको को सगठित करना युवा परिषद का पहिला उद्देश्य था। सित० ७८ में हस्तिनापुर में आयोजित शिविर के अवसर पर युवापरिषद के चुनाव संपन्न हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष का भार श्री कैलाशचंद जी जैन

टिकैतनगर को सौंपा गया और उन्होने भी सुपार्श्व कुमार जी को ही पुनः महामंत्री नियुक्त करके २१ सदस्सीय कार्य कारिणी का गठन किया। श्री कैलाशचंद जी के उत्साह लगन व प्रेरणा से युवापरिषद में नव स्फूर्ति व जागरण का कार्य किया तथा युवा परिषद का तेजी से विस्तार हुआ। युवापरिषद के महामंत्री प्रो० सुपार्श्व कुमार ने पी० एच० डी० के शोध कार्य में व्यस्त होने के कारण युवा परिषद के सयुक्त मंत्री डा० सुशील जैन को कार्यवाहक महामंत्री का उत्तरदायित्व सौंप दिया। और फिर तो अध्यक्ष के साथ मिलकर भ्रमण, प्रेरणा उत्साह का कार्य इतना तेजी से बढ़ा कि चारों तरफ युवापरिषद का नाम सुनाई पड़ने लगा। शाखाओं का बहुत तेजी विस्तार हुआ। हरियाणा में श्री द्वीपकुमार जैन के सहयोग से युवापरिषद ने प्रवेश किया। राजस्थान के युवकों को जोश आया व शाखाओं का विस्तार हुआ। म० प्र० व उ० प्र० में भी युवकों ने विशेष रुचि ली।

तीर्थधाम श्री सम्मेद शिखर जी पर पू० इन्दुमति सुपार्श्वमती माताजी के सानिध्य में मार्च ८० में युवापरिषद का वार्षिक अधिवेशन हुआ और इसमें बंगाल, बिहार में युवापरिषद का विस्तार हुआ। पूर्वांचल के अनेक युवकों ने वहाँ से प्रेरणा लेकर अपने क्षेत्रों में युवको में जागृति की और इस लगभग साढ़े चार वर्ष के अल्प समय में ही युवापरिषद का वृक्ष लहलहा रहा है उस पर फल लगने लगे हैं।

युवापरिषद की गति विधियाँ

युवापरिषद ने पिच्छि कमडलु को अपना प्रतीक चुना व 'चारित्तं खलु धम्मो'' को अपना नारा। युवकों में चारित्रिक उत्थान, समाज के चारित्रिक विकास के साथ ही चारित्रधारी गुरु जनों का पूर्ण सम्मान के साथ ही श्रमण सस्कृति, आर्षमार्ग के प्रचार प्रसार मे युवापरिषद लगी एकांत वाद के खतरों से समाज को आगाह किया गया। महामत्री का कार्यभार सुशील जी पर पहुँचने के साथ ही उन्होंने समस्त सदस्यो व शाखाओं को सक्रियता प्रदान करने की दृष्टि से प्रगति रिपोर्ट, त्रैमासिक बुलेटिन का प्रारम्भ नवम्बर ७९ से किया और उसके ६ अंक अभी तक प्रकाशित हो चुके हैं। स्थानीय स्तर पर युवापरिषद की शाखाओं द्वारा भजन प्रसारण, सामूहिक पूजन, विभिन्न पाठों का आयोजन, षडआवश्यकों का पालन प्रचार दिगम्बर गुरुओं के आहार बिहार में सहयोग, विद्वानो को आमंत्रित कर अनेकांतमयी व आगमानुकूल प्रवचनों का आयोजन, विभिन्न सामाजिक कार्यो मे सहयोग तो किया ही गया, युवापरिषद ने स्वय अनेक विद्वानों को तैयार करके धर्मप्रचार मे सहयोग दिया।

आज सारे देश में युवापरिषद से लोग परिचित हैं। शाखाये बढ़ती जा रही हैं, संगठन हो रहा है और आज का युवक अब अधिक जागरूक, अधिक तत्पर, अधिक सजग है अपने कर्त्तव्यों के प्रति।

युवापरिषद की लखनऊ शाखा

श्री शिखर जी के वार्षिक अधिवेशन पर श्री कैलाश चंद कागजी लखनऊ वाले उपस्थित थे। युवकों के उत्साह से उन्हे भी जागृति हुई व परिषद की समस्त जानकारी व साहित्य लेकर उन्होंने लखनऊ में लगभग ८० युवा साथियों के सहयोग से परिषद की शाखा का गठन किया। स्थानीय स्तर पर अनेकों अभूतपूर्व कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही परिषद की इस शाखा ने एक ऐसे कार्य का बीड़ा उठाया जो राष्ट्रीय स्तर पर भी अभूतपूर्व था और वह आज सफलरूप में आपके हाथ में है यानी अवध जैन

डायरेक्टरी' का महत्वपूर्ण प्रकाशन की आवश्यकता आप से छिपी नही थी और इसमें हम कहाँ तक सफल रहे, यह डायरेक्टरी देखकर आप स्वयं निर्णय लें। यह कार्य इतनागुरुतर था परन्तु शाखा के पदाधिकारियों व सदस्यों में इतनी दृढ़ता व जागरूकता थी कि वह जुट गये। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कैलाश चंद व मंत्री डा० सुशील जैन के साथ इस शाखा के पदाधिकारियों ने अवध भ्रमण का आयोजन किया और इसमें हुए जन संपर्क व आप सभी के सहयोग ने हमें उत्साह दिया। संबल दिया और आपके आशीर्वाद से यह गुरुतर कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ जो कई दशाब्दियों तक सारे राष्ट्र में स्मरणीय रहेगा व अनेकानेक शाखाओं के लिए प्रेरणादायक होगा।

आप सभी के सहयोग के लिए धन्यवाद सहित आपसे अनुरोध कि परिषद को तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करें। यह सहयोग परिषद को ही नहीं श्रमणसंस्कृति, आर्षमार्ग को होगा। युवापरिषद के सदस्य स्वयं बने दूसरों को बनायें।

जैन नर्सिंग होम
मैनपुरी, उ० प्र०
पिन—२०५००१

डा० सुशील चंद जैन
महामंत्री
अ० भा० दि० जैन युवापरिषद

शिष्ट-मंडल

कैलाश चन्द जैन "सर्राफ"
"केन्द्रीय अध्यक्ष"

डा० सुशील जैन
"केन्द्रीय महामंत्री"

कैलाश चन्द जैन "कागजी"
"अध्यक्ष"

राकेश चन्द जैन
कोषाध्यक्ष एवं संयोजक डायरेक्ट्री

महाबीर प्रसाद जैन
संयोजक चल सम्पत्ति

श्रवण कुमार जैन
मंत्री

विमल कुमार जैन

निर्वाण चन्द जैन

जिनके हम आभारी हैं

नवीन कुमार जैन

बसन्त कुमार जैन

संजय जैन

विनीत कुमार जैन

राजेश चन्द जैन

सुधीर जैन

नीरज जैन

लखनऊ नगर की प्रमुख जैन संस्थाएँ

श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा, लखनऊ

श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा, लगभग १५२ वर्षों से लखनऊ नगर के जैन बन्धुओं को सामायिक परिस्थितियों के अनुरूप जनसेवी भावनाओं से ओत प्रोत करती रही है। जन सेवा की उच्च भावनाओं से प्रेरित होकर ही इस संस्था द्वारा नगर में श्री जैन विद्यालय चौक तथा जैन औषधालय यहियागंज की स्थापना उस समय की गई जबकि नगर में ऐसी संस्थाओं का अभाव था। १९वीं शती के अन्तिम भाग में पाठशाला के रूप में स्थापित जैन विद्यालय दीर्घ अवधि से जैन तथा जैनेतर बन्धुओं की समान रूप से सेवा करता आ रहा है। अनेक विद्वानों ने जिन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्रारम्भ की और आगे चलकर प्रसिद्धि प्राप्त की, इस विद्यालय की प्रशंसा की है। औषधालय की स्थापना का श्रेय स्व० श्री नेमिचन्द्र जी यहियागंज तथा पं० कालिका प्रसाद वैद्य को है जिन्होंने अथक परिश्रम तथा अनुकरणीय त्याग के बल पर इस संस्था को जीवित रखा जिससे हजारों रोगी लाभ उठाते रहे हैं।

श्री जैन धर्म प्रवर्द्धनी सभा को १९७२ में पंजीकृत करा लिया गया है। संविधान में इस सभा के निम्न उद्देश्य रखे गए है —

१. जैन धार्मिक पर्वों का आयोजन करना एवं जैन सिद्धान्तों तथा संस्कृति के सम्यक् एवं सामायिक प्रचार और प्रसार के लिए विशेष प्रयत्नशील रहना।

२. जैन समाज का संगठन एवं उनकी सर्वतोमुखी उन्नति के लिए योजनाओं का कार्यान्वयन करना।

३. जैन सिद्धान्त के अनरूप सुप्रथाओं की ओर समाज को प्रेरित करना।

४. लखनऊ नगर की सार्वजनिक जैन सस्थाओं, यथा श्री जैन शिक्षा संस्थान, दि० जैन विद्यालय, जैन औषधालय, यहियागज की प्रबन्धकारिणी समिति बनाना।

५. श्री जैन बाग डालीगज की चल-अचल सपत्ति का स्वमित्व संरक्षण एवं प्रबन्ध संचालन करना एवं उन्नति के लिए प्रयत्नशील रहना।

६ लखनऊ नगर की अन्य विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की गतिविधियों की देख-रेख एवं प्रबन्ध संचालन में सहायता करना एवं उन्नति के लिये प्रयत्नशील रहना।

७. समाज के इच्छानुसार तथा जैन सिद्धान्तों के अनुरूप अन्य लोक हितकारी, धार्मिक, समाजिक एव सांस्कृतिक कार्य करना।

८. उपर्युक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अन्य सभी आवश्यक एवं सहायक कार्य करना।

इसके अनुसार लखनऊ नगर में निवास करने वाला प्रत्येक जैन मतावलम्बी जिसकी आयु कम-से-कम १८ वर्ष हो और जिसे लखनऊ नगर में रहते हुए तीन वर्ष से अधिक हो गए हों, सभा का सदस्य होता है।

अपने उद्देश्यों के अनुरूप सभा मुख्य रूप से विभिन्न धार्मिक पर्वों एवं अनुष्ठानों का आयोजन करती है जिसमें बसन्त पंचमी पर रथयात्रा महोत्सव तथा महावीर जयन्ती पर शोभा यात्रा एवं सार्वजनिक सभा का आयोजन विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इन अवसरों पर जैनेत्तर विद्वानों को भी आमंत्रित किया जाता है।

अपने उद्देश्य के अनुसार सभा जैन बाग डालीगंज का संरक्षण एवं प्रबन्ध भी कर रही है। जैन बाग की भूमि जैन पंच किनारी गोटा गोदाम द्वारा सभा को प्रदान की गई थी और उसमे कई जैन बन्धुओं द्वारा कमरे बनवाए गये हैं जो बाहर से आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए उपलब्ध रहते हैं। पिछले तीन वर्षों में, जब से वर्तमान समिति लगातार चुनी गई है जैन बाग में शौचालय, स्नानागार तथा ट्यूबवेल द्वारा पानी की व्यवस्था हो जाने से अब यात्रियों की सुविधा बढ़ गई है जीर्णशीर्ण कमरों के जीर्णोद्धार तथा अन्य सुविधाओं के लिए सभा प्रयत्नशील है और आशा की जाती है कि समाज के आर्थिक सहयोग से जैन बाग एक आदर्श स्थल के रूप में परिणित होकर समाज के लिए अधिक उपयोगी सिद्ध होगा।

सभा के कार्यकलाप अत्यन्त संतोषजनक रूप में समाज की उन्नति के ओर अग्रसर हैं। जिनका श्रेय वर्तमान पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को है।

अध्यक्ष—
श्री इन्दर चन्द जैन
अहियागंज' लखनऊ

उप-सभापति—
श्री प्रताप चन्द जैन
"कागजी" अहियागंज, लखनऊ

कोषाध्यक्ष—**श्री अनन्त प्रकाश जैन**
नाका हिंडोला, लखनऊ

मंत्री—**श्री नेमिचन्द्र जैन**
इन्द्राणी नगर, लखनऊ

उप-मंत्री—**श्री निर्वाण चन्द्र जैन**, सहादतगंज, लखनऊ

●

लखनऊ जैन मिलन

स्वतंत्रता-प्राप्ति के बाद यह अनुभव किया गया कि शिक्षित एवं राजकीय सेवारत जैन बंधुओं और समाज के अन्य वर्गों के बीच सामाजिक सम्पर्क का कोई ऐसा साधन बनाया जाय जहाँ से सब लोग आपस में प्रेम से मिल-बैठ सकें और अपनी संस्कृति और धर्म के विषय में आवश्यक ज्ञान प्राप्त कर सकें। इस भावना से प्रेरित होकर १९५० में इलाहाबाद में 'जैन मिलन' आन्दोलन का सूत्रपात किया गया।

लखनऊ जैन मिलन की स्थापना दिनांक १ जनवरी १९५९ को श्री कस्तूरचन्द तथा श्री नरेशचन्द्र जैन की प्रेरणा से हुई जिन्होंने इलाहाबाद में जैन मिलन आन्दोलन आरम्भ करने में मुख्य भूमिका निभाई। लखनऊ जैन मिलन पिछले २३ वर्षों से नगर में सक्रिय हैं। श्री एम० पी जैन, सेवानिवृत्त मुख्य अभियन्ता, लखनऊ नगर महापालिका अध्यक्ष के रूप में इसका पथ प्रदर्शन करते रहे हैं। पिछले २३ वर्षों की अवधि में जो उच्चाधिकारी एवं विद्वान भी इसके संरक्षक अथवा सदस्य रह चुके हैं उनमें

श्री एल० सी० जैन (तत्कालीन मुख्य सचिव) श्री सुमत किशोर जैन (तत्कालीन अध्यक्ष, राज्य विद्युत परिषद्), श्री जे० पी० जैन (अवकाश-प्राप्त मुख्य अभियन्ता, सिंचाई विभाग), श्री जौहरी मल जैन (अवकाश-प्राप्त पुलिस महानिरीक्षक) और श्री एस० पी० जैन (सेवा-निवृत्त आई० ए० एस०) के नाम उल्लेखनीय हैं। इतिहास मनीषी डा० ज्योति प्रसाद जैन "विद्यावारिधि" श्री कुबेर चन्द्र पाटनी, तथा श्री निर्मल कुमार सेठी वर्तमान में हमारे संरक्षक हैं। श्री नरेशचन्द्र जैन वर्ष १९६० से निरन्तर मंत्री के पद को सम्हालते हुए इस संस्था को दिशा प्रदान करते रहे हैं।

जैन मिलन की मासिक बैठकें साधारणतया: किसी सदस्य के आमंत्रण पर उसके निवास स्थान पर होती हैं। बैठकों में मुख्य रूप से विविध धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा कला से सम्बन्धित विविध विषयों पर तथा हमारे व्यावहारिक जीवन से सम्बन्धित विविध विषयों पर उच्च कोटि के विद्वानों की वार्तायें होती रहती हैं। इसके अलावा यदा-कदा पिकनिक का आयोजन भी किया जाता है।

जैन मिलन लखनऊ द्वारा १९६५ में मानव धर्म सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसके संयोजक डा० शशि कान्त जैन थे। १९७९ में भारतीय जैन मिलन का अधिवेशन लखनऊ में हुआ और इसी अवसर पर ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद जयंती समारोह का भी आयोजन किया गया और एक मिलन शीतल स्मारिका भी निकाली गई।

लखनऊ जैन समाज के विकास में जैन मिलन का यथेष्ट योगदान रहा है। जैन विद्यालय एवं औषधालय के विकास की रूपरेखा जैन मिलन द्वारा बनाई गई जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय प्राइमरी पाठशाला के स्तर से उठकर हाई स्कूल बना। जनवरी ८१ में जैन मिलन के तत्वावधान में एक विशाल नेत्र शिविर भी लगाया गया। राष्ट्रीय संकट अथवा प्राकृतिक प्रकोप के अवसरों पर सहायता कार्य में जैन मिलन द्वारा उचित योगदान दिया जाता रहा है।

अध्यक्ष—	मंत्री—
वीर महावीर प्रसाद जैन	वीर नरेश चन्द जैन

●

तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र समिति उत्तर प्रदेश

भगवान् महावीर स्वामी के २५००वें निर्वाण महोत्सव के मनाने के लिए उत्तर-प्रदेश शासन द्वारा श्री महावीर निर्वाण समिति गठित की गयी थी। उ० प्र० में स्थायी महत्त्व के कार्यों को उक्त समिति की समाप्ति के उपरान्त भी चलाते रहने के लिए तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र समिति उत्तर प्रदेश का गठन जनवरी १९७६ में जैन धर्म के सभी सम्प्रदायों के सहयोग से किया गया था। समिति सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट १८६० के अन्तर्गत पंजीकृत है तथा इसका मुख्यालय जैन धर्मशाला चारबाग में अवस्थित है।

समिति की निम्नलिखित मुख्य प्रवृत्तियाँ हैं :—

१. तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र शोध पुस्तकालय—यह धर्म-साहित्य का पुस्तकालय है जिसमें जैन धर्म के सभी सम्प्रदायों का धार्मिक साहित्य बिना किसी भेद भाव के संग्रहीत करने का प्रयास है। तुलनात्मक अध्ययन के लिए जैनेतर धर्म साहित्य के प्रमुख ग्रन्थों को भी संग्रहीत किया जा रहा है। सम्प्रति २००० धर्म ग्रन्थ इस पुस्तकालय में संग्रहीत है तथा कितने ही शोध छात्र इससे नियमित रूप से लाभ उठा रहे हैं। विद्यावारिधि डा० ज्योति प्रसाद जैन पुस्तकालय के मानद अध्यक्ष हैं।

२. तीर्थंकर छात्र सहायता कोष—इस कोष से असमर्थ प्रतिभावान छात्र छात्राओं को अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति तथा पुस्तक सहायता दी जाती है।

३. महावीर जन-कल्याण निधि—इसके द्वारा असहाय एवं विपन्न महिलाओं तथा वृद्धों को जीवन यापन हेतु सहायता दी जाती हैं।

४. धर्म शिक्षा—बच्चों एवं नवयुवकों को धर्म ज्ञान कराने हेतु तीर्थंकर महावीर स्मृति केन्द्र शोध पुस्तकालय में प्रत्येक रविवार को धार्मिक कक्षाएँ चलाई जाती है।

५. धर्म साहित्य प्रकाशन—इस योजना के अन्तर्गत प्रमाणिक धर्म ग्रन्थों व ट्रैक्टों आदि का प्रकाशन किया जाता है। सम्प्रति आचार्य अनन्त प्रसाद जैन द्वारा लिखित 'Myskries of Life and Eternal Bliss' पुस्तक समिति द्वारा प्रकाशित की गई है।

अध्यक्ष—सुमेरचन्द्र जैन, पाटनी
डालीगंज, लखनऊ

मंत्री—अजितप्रसाद जैन
आर्यनगर, लखनऊ

●

हम अपने समस्त विज्ञापनदाताओं, शुभचिन्तकों के अत्यन्त आभारी हैं।

अवध के जैन तीर्थ

अयोध्या

अयोध्या आद्य तीर्थस्थली मानी जाती है। जैनियों की मान्यता है कि प्रत्येक कल्प में सर्वप्रथम इसी नगरी का देवताओं द्वारा निर्माण होता है और यहीं चौबीसों तीर्थंकरों का जन्म होता है। वर्तमान कल्प में भी यह तीर्थस्थली प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की जन्मस्थली रही है। इसके अतिरिक्त अन्य चार तीर्थंकरों, दूसरे भगवान अजितनाथ, चौथे भगवान अभिनन्दन नाथ, पांचवे भगवान सुमति नाथ तथा चौदहवें भगवान अनंत नाथ के गर्भ जन्म, तप और ज्ञान कल्याणक इस नगरी में हुए। अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर ने भी अयोध्या में विहार किया था और वहां के सुभूमि भाग उद्यान में धर्मोपदेश दिया था। उनके नवम गणधर अचलभव की जन्मभूमि भी अयोध्या थी।

सन् १३३० में जैनाचार्य जिनप्रभ सूरि ने सुल्तान मुहम्मद बिन तुगलक से फर्मान हासिल कर के संघ सहित अयोध्या तीर्थ की यात्रा की थी। इस समय यहां जन्म लेनेवाले पांचों तीर्थंकरों के मन्दिरों के अतिरिक्त, राजा नाभिराय का मन्दिर, पार्श्व नाथ की बाड़ी, चक्रेश्वरी यक्षी की रत्नमयी प्रतिमा, गोमुख यक्ष की मूर्ति, सीताकुंड, सहस्त्रधारा, स्वर्गद्वार आदि जैन धर्मायतन विद्यमान थे। नगर के आकार पर मत्तंगगयंद यक्ष का निवास था।

इस समय यहां पर दो जिनालय, पांच टोकें, दो बड़ी धर्मशालाएँ व जैन गुरुकुल अवस्थित हैं। सादत खाँ बुरहानुल्मुल्क के खजांची केशरी सिंह ने सन् १७२४ में इन टोकों का जीर्णोद्धार कराकर पुनः प्रतिष्ठा कराई थी। १८९९ ई० में लखनऊ के लाला देवीदास गोटेवाले आदि जैन पंचों ने उक्त टोकों और कटरा के मंदिर का पुनः जीर्णोद्धार कराया था और मंदिर के सामने एक विशाल धर्मशाला की नींव भी डाली थी।

इस समय कटरा में दुमंजिली धर्मशाला है और उसके सम्मुख जिन मंदिर है जिसमें भगवान आदिनाथ, भरत और बाहुबलि की मनोज्ञ प्रतिमाएँ विराजमान है। राजघाट के अनंतनाथ, मंदिर की प्राकृतिक सुषमा दर्शनीय है। स्वर्गपुरी में आदिनाथ, बकसरिया टोले में अजितनाथ, कटरा मुहल्ले में अभिनंदन नाथ और सुमति नाथ तथा राजघाट पर अनंतनाथ की टोंके है।

सन १९६५ में आचार्य देशभूषण महाराज की प्रेरणा से मुहल्ला रायगंज में एक नवीन भव्य मंदिर का निर्माण हुआ जिसमें उत्तरांचल में प्रथम बार भगवान आदिनाथ, भरत तथा बाहुबलि की त्रिमूर्ति और ऋषभ भगवान की ३१ फुट ऊंची सातिशय नयनाभिराम प्रतिमा समारोह पूर्वक प्रतिष्ठित की गई। यहां पर सुविधाओं से युक्त एक धर्मशाला भी है।

अयोध्या तीर्थ फैजाबाद जिले में फैजाबाद नगर से ५ मील तथा अयोध्या स्टेशन से एक मील की दूरी पर सरयू नदी के तट पर अवस्थित है। प्रति वर्ष ऋषभ जयंती (चैत्र कृष्ण नवमी) पर यहां विशाल जैन मेला और रथोत्सव होता है।

रत्नपुरी

अयोध्या—लखनऊ राजमार्ग पर अयोध्या से ३० कि० मी० सोहावल रेलवे स्टेशन से ४ कि० मी० की दूरी पर सरयू नदी के तट पर भगवान धर्मनाथ की जन्मभूमि रत्नपुरी तीर्थ वर्तमान में रौनाही ग्राम में स्थित है। यहां एक प्राचीन स्तूप (मठ) है जिसे गर्भ कल्याणक स्थान मानते हैं। कहते हैं कि इसके नीचे प्राचीन मूर्ति और खजाना है। पास में दूसरा जिन मन्दिर जन्मकल्याणक स्थान रूप में मान्य है। तप व ज्ञान कल्याणक भी यहीं हुए हैं। ५ कमरों की जैन धर्मशाला भी है। कुवां का जल अति शीतल, मधुर और रोगनाशक है। इस क्षेत्र का प्रबन्ध श्री दि० जैन अयोध्या तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अन्तर्गत होता है।

●

श्रावस्ती

बलरामपुर से १७ और बहराइच से ४५ कि० मी० दूर भगवान सम्भवनाथ की जन्मभूमि श्रावस्ती नगरी है। यहां एक भव्य जिनालय एवम् सुन्दर जैन धर्मशाला बनी है। बौद्धों का यह प्रसिद्ध तीर्थ है। भगवान बुद्ध ने यहां अपने अनेक चातुर्मास किये हैं। यहां पर बौद्धों के अनेक सुन्दर जापानी चीनी, बर्मी मन्दिर हैं। श्वेताम्बर जैन भी एक विशाल नये मन्दिर का निर्माण करा रहे हैं। यहां सहेट और महेट नाम के प्राचीन जैन मठ के पुरातत्व विभाग द्वारा उत्खनन कार्य किये जाने से अनेक भव्य प्राचीन स्मारक, महल, मन्दिर आदि निकले हैं जो हमारे अतीत की गौरव गाथा सुना रहे हैं। एक सुन्दर मृग विहार भी है। भगवान सम्भवनाथ के जन्म दिवस पर जैन रथोत्सव मेला होता है। यहीं के जैन नृपति सुहेलदेव ने विदेशी आक्रान्ता मसूदुलहसन गाजी को खदेड़ते हुए बहराइच में मार गिराया था। खेद है कि आज हम अपनी स्वाभिमानी स्वदेश प्रेमी राजा सुहेलदेव को भूल सा गये हैं।

●

तिलोकपुर

लखनऊ-गोंडा राजमार्ग पर लखनऊ से लगभग ४५ कि० मी० दूर बिदौरा से ५ कि० मी० अन्दर अतिशय क्षेत्र तिलोकपुर स्थित है। यहां गांव में एक अति प्राचीन जैन मन्दिर है जिसमें चतुर्थकालीन जैन मूर्ति है। यहीं एक दूसरा जैन मन्दिर है जिसमें अतिशय युक्त श्यामवर्ण की दुर्लभ भगवान नेमिनाथ की मूर्ति विराजमान है। कहते हैं कि पहले मन्दिर को खोलने पर भगवान का अभिषेक जल, सन्मुख ताजे फूल और लौंग चढ़ी हुई मिलती रहीं हैं। आज भी वह यहां के निवासियों के पास सुरक्षित बताई जाती हैं। इसी के आधे भाग में द्वारकाधीश श्याम वर्ण की उसी अवगाहना मे श्रीकृष्ण की मूर्ति विराज मान है। लगता है दोनों एक साथ की निर्मित और प्रतिष्ठित हैं। धार्मिक सद्‌भाव और सहिष्णुता का एक अप्रतिम उदाहरण है। नेमि प्रभु की मूर्ति में मुख के भाव प्रातः मध्यान्ह और सायं को अलग-अलग प्रतीत होते है। यहां कार्तिक मास में जैन रथोत्सव मेला होता है।

●

लखनऊ के दिगम्बर जैन मन्दिर

लखनऊ नगर के विभिन्न क्षेत्रो म १३ जैन मन्दिर एवं चैत्यालय हैं। जिनका संक्षिप्त परिचय निम्न प्रकार है :—

श्री नेमिनाथ भगवान दिगम्बर जैन मन्दिर, चौक :

यह मन्दिर लखनऊ के चौक क्षेत्र के चूड़ी वाली गली नामक मोहल्ले में स्थित है। १००८ श्री नेमिनाथ स्वामी की श्याम वर्ण की पद्मासन प्रतिमा मूलनायक है। इसके अतिरिक्त एक में पाषाण की चौबीसी है और दूसरी में धातु की चौबीसी है। हाल में ही एक विशाल वेदी का निर्माण हुआ है। इस प्रकार इस मन्दिर में कुल पाँच वेदियाँ हैं। तथा सभा आदि के लिए एक हाल की भी व्यवस्था है। प्रतिवर्ष बसंत पंचमी पर इस मन्दिर से भगवान की सवारी निकाली जाती है।

श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मन्दिर, चौक :

चौक क्षेत्र में ही शंकरी टोला मोहल्ले में आज से करीब ६५-७० वर्ष पूर्व श्री रम्मन लाल जी ने इस मन्दिर का निर्माण कराया था। इसमें केवल एक ही वेदी है व १००८ श्री चन्द्रप्रभु स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है।

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, डालीगंज :

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, डालीगंज का महत्त्व बसंतोत्सव के साथ काफी बढ़ गया है। प्रतिवर्ष बसन्त पचमी के अवसर पर यहाँ पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों, प्रवचन, पूजा, अभिषेक, सम्मेलन एवं रंगमचीय कार्यक्रम का आयोजन होता है। यहाँ एक विशाल सभा मण्डप है जिसमें समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

इस मन्दिर में दो वेदियाँ हैं। एक चौबीसी है तथा दूसरी १००८ श्री पार्श्वनाथ स्वामी की है। इस वेदी में १००८ श्री पार्श्वनाथ स्वामी की विशाल मनोज्ञ प्रतिमा विराजमान है। मन्दिर के सामने ही एक बाग है इसलिये यह जैन बाग के नाम मे प्रसिद्ध है। यहाँ पर विभिन्न जैन बन्धुओं द्वारा काफी कमरों का भी निर्माण कराया गया है। इस मन्दिर का क्षेत्र भी लखनऊ के अन्य मन्दिरों से अधिक है। यहाँ पूज्य ब्र० शीतल प्रसाद जी की समाधि भी है।

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, यहियागंज :

करीब १००-१२५ वर्ष प्राचीन यह विशाल जैन मन्दिर यहियागंज टाटपट्टी में स्थित है। इसमें पाँच वेदियाँ है। १००८ श्री आदिनाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है। १००८ श्री नेमिनाथ स्वामी की श्याम वर्ण की एक विशाल एव मनोज्ञ प्रतिमा भी इस मन्दिर में है। इसके अतिरिक्त यहाँ एक वेदी में पद्मावती माता की मूर्ति विराजमान है। तथा एक वेदी क्षेत्र पाल की भी है।

इस मन्दिर में एक विशाल सभा मण्डप स्वर्गीय ब्रह्मचारी शीतल प्रसाद के स्मारक स्वरूप शीतल भवन के नाम से है। श्री शीतल भवन में समय-समय पर सभायें तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। अ० भा० दि० जैन युवा परिषद का कार्यालय यहीं पर है।

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, सआदतगंज :

यह मन्दिर करीब १०० वर्ष प्राचीन है। इसमें एक ही वेदी है और १००८ श्री पार्श्वनाथ स्वामी की गौर वर्ण की मूलनायक प्रतिमा है। मन्दिर के साथ ही बाग भी है जिसमें कमरे भी बने हुए हैं।

श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, चारबाग :

इस मन्दिर का निर्माण आज से करीब ४५ वर्ष पूर्व स्व० ला० मुन्ने लाल कागजी ने करवाया था १९२८ में ही मुन्ने लाल कागजी धर्मशाला की नींव पड़ गयी थी। यात्रियों एवं चारबाग के निवासियों की सुविधा के लिए मन्दिर निर्माण की प्रेरणा से प्रेरित होकर इस मन्दिर की स्थापना की गयी। यह मन्दिर चारबाग स्टेशन के निकट है एवं इसमें मूलनायक प्रतिमा १००८ श्री चन्द्रप्रभू स्वामी की है।

श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन चैत्यालय, छापा बाजार :

पाटानाला क्षेत्र में स्थित यह चैत्यालय सभी चैत्यालयों से प्राचीन है आज से लगभग ६५ वर्ष पूर्व वि० सं० १९६९ में स्व० लाला विशेश्वर नाथ जी ने इसका निर्माण कराया था। इसमें १००८ श्री चन्द्रप्रभू स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है।

श्री दिगम्बर जैन चैत्यालय, यहियागंज :

ला० सुमेरचन्द्र शिखरचन्द्र जैन कागजी की कोठी में स्थित इस चैत्यालय का निर्माण आज से करीब २५ वर्ष पूर्व श्री सुमेरचन्द्र जैन कागजी ने कराया था।

ला० मुन्नेलाल कागजी चैत्यालय, यहियागंज :

इसकी स्थापना स्व० ला० मुन्ने लाल कागजी ने आज से करीब ५० वर्ष पूर्व करायी थी। यह यहियागंज स्थित उनकी कोठी के तिमंजिले पर है। इसमे मूलनायक प्रतिमा १००८ श्री पद्मप्रभू स्वामी की है।

श्री दिगम्बर जैन चैत्यालय, अमीनाबाद :

आज से करीब ४५ वर्ष पूर्व लाला नेमदास जी ने इस चैत्यालय का निर्माण कराया था। इसमे १००८ श्री पार्श्वनाथ स्वामी की मूलनायक प्रतिमा है। यह अमीनाबाद में नाज सिनेमा के सामने बगिया गोपालदास वाली गली में स्थित है।

श्री दिगम्बर जैन चैत्यालय, सदर :

हरिशचन्द्र कालेज के पास सदर के स्थित यह चैत्यालय सभी चैत्यालयों से नवीन है। इसका निर्माण स्व० फूलचन्द जैन की धर्मपत्नी ने कराया था। यहाँ पर चौबीसी प्रतिमायें है।

श्री दिगम्बर जैन चैत्यालय, गणेशगंज (अजिताश्रम)

यह चैत्यालय गणेशगंज पोस्ट आफिस क सामने स्थित है यह लगभग ५०-५५ वर्ष प्राचीन है। इसका निर्माण स्व० अजित प्रसाद जी ने कराया था। एक मूलनायक प्रतिमा १००८ श्री चन्द्रप्रभू स्वामी की है तथा दूसरी धातु की प्रतिमा श्री पार्श्वनाथ स्वामी की है।

श्री दिगम्बर जैन चैत्यालय, महानगर :

यह चैत्यालय स्व० श्रीमती चन्द्रकांती जैन के निवास स्थान पर हैं। इसमें १००८ श्री चन्द्रप्रभू स्वामी की प्रतिमा है।

आओ हम सब कथा सुने बाहुबली भगवान की

(कु० भागवती शास्त्री धर्मालंकार)

(१)

आओ हम सब कथा सुने, उन बाहुबली भगवान की ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥
आदि विधाता आदिनाथ के, पुत्र एक सौ एक हुये ।
हुवी विरक्ती जिन दीक्षा ली, भरत अयोध्या पती हुये ॥
सब पुत्रों को अलग-अलग, राज्यों की जिम्मेदारी दी ।
बाहुबली को पोदनपुर की, अपनी दुनियाँ प्यारी थी ॥
चक्र हुआ उत्पन्न भरत ने पूर्ण विजय की ठान ली ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(२)

छह खण्ड जीत भरत जब लौटे, पुरी विनीता धन्य हुवी ।
चक्र रत्न नहि अन्दर आया, सबकी खुशिया भंग हुवी ॥
बोले भरत मंत्रिवर बोलो, क्या दिग्विजय अधूरी है ।
मंत्री बोले राजन यह बस, अपनी ही मजबूरी है ॥
चक्र रत्न कर रहा प्रतीक्षा, भाई के परिणाम की ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(३)

करी मंत्रणा कुशल दूत सब, भ्रात निकट को भेज दिया ।
पहुंच किया विधिवत प्रणाम, भरताधिप का संदेश दिया ॥
सोंचा सबने भरत राज, ना जाने हमको क्या देगें ।
ले लेगें सब राजपाट, नत मस्तक भी करवा लेंगें ॥
सभी चल दिये आज्ञा लेने, पूज्य पिता भगवान की ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(४)

समवशरण में जाकर सबने, नमस्कार कर भक्ती से ।
बोले भगवन् भरत चाहता, राज्य हमारा युक्ती से ॥
यह वैभव था दिया आपने, प्रभु करो निर्णय अपना ।
पूज्य पिता की वाणी थी, क्षण भंगुर है जग का सपना ॥
छोड़ा जग बन गये विरागी, जय ऐसी संतान की ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(५)

बाहुबली अवशेष अनुज, उनकी शक्ति का क्या कहना ।
महाप्रतापी गौरव शाली, उन्हें किस तरह वश करना ।।
कुशल दूत को पत्र दिया, और पोदन पुर को भेज दिया ।
अतिशय कुशल दूत ने भी, सविनय प्रणाम संदेश दिया ।।
भाई-भाई मिलो खुशी से, बात करो मम मान की ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ।।

(६)

बाहुबली बोले रे सेवक, जिव्हा पर सकोच कर ।
छह खण्ड विजयी तेरा स्वामी, उनको तू प्रणाम कर ।।
भाई की ममता होती गर, नमस्कार हम कर लेते ।
किन्तु बना राजा बैठा है, अतः नहीं हम झुक सकते ।।
युद्ध करेगा निर्णय इसका, है माया भगवान की ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ।।

(७)

भरत और बाहुबली की, सेनायें बाहर निकल पड़ी ।
भाई-भाई का युद्ध देखने, स्वर्ग पुरी भी उमड़ पड़ी ।।
दोनों भाई चरम शरीरी, हार-जीत किसकी होगी ।
मरेंगे लाखों वीर सिपाही, बहनें सब विधवा होंगी ।।
लगे सोंचने मंत्री गण तब, जनता के कल्याण की ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ।।

(८)

भारत राज के मंत्री बोले, राजन ये क्या करते हो ।
आदिनाथ के पुत्र प्रभू तुम, जग की रक्षा करते हो ।।
आपस में ही युद्ध करो, नर हिंसा से बच सकते हो ।
बाहुबली को भी कह दें, तुम धर्म युद्ध कर सकते हो ।।
दोनों भाई राजी होकर, आपस में ही ठान ली ।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीस महान की ।।

(९)

दृष्टि युद्ध जल मल्ल युद्ध, ये तीन युद्ध निश्चित करके ।
दोनो भ्राता लगे देखने, आपस में अनिमिष दृग से ।।
भरत पाँच सौ धनुष, बाहुबली सवा पाँच सौ धनु ऊँचे ।
हार गये इसलिये भरत, हो गई प्रथम दृष्टि नीचे ।।

जल क्रीड़ा में भी भरताधिप, हार मान गये भ्रात की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(१०)

आई बारी मल्ल युद्ध की, एक बाँस ही बाकी था।
आलिंगन करते हो मानो, यह प्रतिभाषित होता था ॥
एक मिनट में बाहुबली ने, भरताधिप को उठा लिया।
अविनय करना अनुचित होगा, निज कन्धे पर बिठा लिया ॥
जीत चुके थे फिर भी इज्जत, रखी भाई के शान की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(११)

जय हो जय हो जनता बोली, बाहुबली चिरंजीव रहो।
सचमुच में तुम बहुत बली हो, मात सुनंदा धन्य अहो ॥
इधर चक्र वर्ती थे कुंठित, चक्र रत्न स्मरण किया।
बाहुबली का वध करने को, चक्र घुमाकर चला दिया ॥
धिक-धिक करती जनता सारी, भरत राज के काम की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(१२)

जय प्रदिक्षणा बाहुबली की, देकर चक्र रुका जिस क्षण।
चक्र वर्ती बन चुके स्वयं, लेकिन विरक्ति आई तत्क्षण ॥
सोचा मन में राज पाट, और भोग बहुत दुखदाई हैं।
इनके कारण देखो तो, दुश्मन बन सकता भाई है ॥
बोले राज्य करो भरतेश्वर, क्षमा करो अपराध की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(१३)

राज्य करो भैया तुम सुख से, आज्ञा दो जिन दीक्षा की।
मेरे से अपमान हो गया, क्षमा करो इस लघुता की ॥
भरत राज मन में सकुचाते, यह कैसी अघटित घटना।
मिलकर राज्य करें भाई हम, मान जाओ मेरा कहना ॥
इच्छा कर दो पूरी भाई, मेरे इस अरमान की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की ॥

(१४)

बाहुबली बोले हे भ्राता, तुमको क्या समझाना है।
कितने दिन भोगेंगे इनको, आखिर छोड़ के जाना है ॥

अतः अभी आने दो मुझको, यह ममता का समय नहीं।
ऐसा दो आशीष कि पा लूँ, समता की भी शीघ्र मही॥
मुड़े कदम फिर राह गही, पोदन पुर के उद्यान की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की॥

(१५)

मात सुनन्दा रोती थीं, बेटा ऐसी क्या जल्दी है।
ये वनितायें रोती हैं, किसके आश्रित रह सकती हैं॥
पुरवासी सब रोते हैं, उस दिन बच्चा बच्चा रोया।
बड़े-बड़े राजा और मंत्री, देवों का भी मन रोया॥
अश्रु बन गये नदी कहानी, यमुना के निर्माण की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीस महान की॥

(१६)

बाहुबली ने एक वर्ष का, योग ले लिया आ करके।
ऐसा ध्यान लगाया अविचल, सुर विद्याधर भी कहते॥
सर्पों ने की जगह बाम्बियाँ, चढ़ीं लतायें तन ऊपर।
सर्दी गर्मी वर्षा आई, लेकिन उन पर नहीं असर॥
देव विमान वहीं रुक जाते, महिमा उनके ध्यान की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की॥

(१७)

किन्नरियाँ विद्याधरियाँ, आ आ करके हर्षाती थी।
देख देख आश्चर्य चकित हो नमस्कार कर जाती थी॥
योग लीन प्रभु ऐसे निश्चल, एक वर्ष तक ध्यान किया॥
भरत राज के पूजन करते, चार कर्म का नाश किया॥
गंध कुटी की रचना हो गई, महिमा केवल ज्ञान की।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीस महान की॥

(१८)

धन्य-धन्य हे बाहुबली तुम, थे अचिन्त्य महिमा शाली।
चामुण्डराय की मातृ भक्ति से, नई कथा जुड़ने वाली।
सत्तावन फिट ऊंची प्रतिमा, श्रवण बेल चमकाती है।
शक्ती विरागता का संगम, ये मूर्ति हमें दर्शाती हैं॥
चलो मालती चलें वहाँ, जहां बाहुबली भगवान जी।
एक वर्ष का योग लिया, ऐसे योगीश महान की॥
आओ हम सब कथा सुने, उन बाहुबली भगवान की।
एक वर्ष का योग लिया' ऐसे योगीश महान की॥

लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ नवाबों की नगरी मानी जाती है, परन्तु हाल की पुरातात्विक शोधों से प्रकट होता है कि इस नगरी का इतिहास काफी प्राचीन है। जनश्रुति है कि यह नगरी लक्ष्मण जी ने बसाई जिसके कारण लक्ष्मणवती अथवा लक्ष्मणपुरी कहलाने लगी। इस जनश्रुति का मुख्य आधार लक्ष्मण टीला प्रतीत होता है जहां प्राचीन काल में शेषनाग कूप था। लक्ष्मण जी शेषनाग के अवतार माने जाते हैं। इस टीले से जो पुरातात्विक सामग्री प्राप्त हुई है उसमें से कुछ ई० पू० सातवीं शताब्दी तक की प्राचीन हो सकती है। निकटवर्ती हुलासखेड़ा में पिछले दिनों उत्खनन से एक कुषाणकालीन सड़क तथा पूर्व मौर्य काल से लेकर शुंग, कुषाण तथा गुप्तकालीन अवशेष मिले हैं, जिससे इस क्षेत्र की प्राचीनता सिद्ध होती है।

क्या भगवान महावीर ने लखनऊ क्षेत्र में भी विहार किया था ? उनके विहार स्थलों में विसाखा का उल्लेख मिलता है। चीनी यात्री ह्युएनत्सांग ने अपने यात्रावृत्तान्त में विसाखा का उल्लेख "पो-सि-किया" नाम से किया है, जिसकी पहचान विन्सेण्ट स्मिथ ने महोना से की है, परन्तु बहुत से विद्वानों को उनका यह मत मान्य नही है।

अवध के नवाब आसफुद्दौला के खास जौहरी ओसवाल जैन बच्छराज नाहटा के समय में खरतर-गच्छाचार्य जिनअक्षय सूरि ने सोंधी टोला (चौक) स्थित यतिछत्ता में अपनी गद्दी स्थापित की और पार्श्वनाथ स्वामी का मन्दिर बनवाया। उस समय मच्छी भवन (लछमन टीला) के निकट एक दिगम्बर जैन मन्दिर पहले से विद्यमान था।

लखनऊ अपने गोटा, कामदानी और जरदोजी के काम के लिए विख्यात रहा है और पहले यह व्यवसाय मुख्य रूप से यहाँ के जैनों के हाथ में था। कलकत्ता के प्रसिद्ध उद्यान—मन्दिर श्री शीतलनाथ जिनालय के निर्माता राय बद्रीप्रसाद मूलतः लखनऊ के ही निवासी थे जो १९वीं शताब्दी के मध्य में कलकत्ता जाकर बस गये थे।

आधुनिक काल में लखनऊ को ब्रह्मचारी शीतलप्रसाद जी (१८७९ ई०–१९४२ ई०) जैसे त्यागी तथा बाबू अजितप्रसाद वकील (१८७४ ई०–१९५१ ई०) जैसे जैन विद्वान की जन्मस्थली अथवा कर्म-भूमि होने का गौरव प्राप्त है, जो जैन जागरण के अग्रदूत रहे हैं। इस समय भी विद्यावारिधि डा० ज्योतिप्रसाद जैन उनकी जलाई ज्योति को प्रज्वलित रखे हुए हैं।

लखनऊ नगर में जैनों के ६ शिखरबन्द मन्दिर, ७ चैत्यालय, ४ जैन धर्मशालाएं, एक जैन बाग, एक जैन पुस्तकालय, एक जैन औषधालय, वर्धमान महावीर धर्मार्थ होम्यो क्लीनिक (जैन नवयुवक संघ द्वारा संचालित), श्री दिगम्बर जैन कन्या जू० हाई स्कूल तथा श्री दि० जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय है।

राज्य संग्रहालय, लखनऊ में लेख युक्त तथा लेख रहित जैन प्रतिमाओं का वृहत संग्रह है, जिनसे हमारे देश के प्राचीन सांस्कृतिक इतिहास में जैनों के योगदान पर महत्वपूर्ण प्रकाश पड़ता है। इस संग्रह में भगवान नेमिनाथ मन्दिर, चौक, लखनऊ से प्राप्त एक प्रतिमा भी है जो संवत् १६८८ की है। भगवान महावीर की भी कायोत्सर्ग अथवा पद्मासनस्थ मुद्रा की अनेक प्रतिमाएं हैं जो ईस्वी सन् के प्रारम्भ काल से लेकर मध्य काल तक की हैं।

महोना : यह लखनऊ जिले का एक कस्बा है। यहां पर एक दिगम्बर जैन मन्दिर है।

●

जीओ और जीने दो

